राष्ट्र हित | उद्योग हित | श्रमिक हित

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथैः

ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
&
ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

पत्रांक:. ABOO_WO/2021/044

दिनांक: 29-10-2021
Vial Email
अति-आवश्यक

सेवा में
श्रीमान अजीत कुमार पोद्दार जी
महाप्रबंधक
आर्यावर्त बैंक
प्रधान कार्यालय- लखनऊ|
Gm1.gba@aryavartbank-rrb.com
Gm2.gba@aryavartbank-rrb.com

महोदय,

निकट त्योहारों के समय दिनांक 31.10.2021 (रविवार अवकाश) के दिन बैंक शाखाओं को खुलवाने के नीति विरुद्ध आदेश को निरस्त करने के संबंध में

महोदय, आज ही संगठन के संज्ञान में आया है कि आप द्वारा अपने दिनांक 28.10.2021 के पत्र के माध्यम से दिनांक 30 व 31 अक्टूबर को महा लॉगिन डे मनाए जाने के संबंध में आदेश पारित किया गया है| जबकि आपको यह ज्ञात ही होगा कि दिनांक 31.10.2021 को रविवार का अवकाश है एवं निकट 3 दिन के पश्चात भारत देश में सर्वाधिक मनाया जाने वाला त्योहार दीपावली एवं अन्य उत्सव हैं| यह त्योहार न केवल आस्था के प्रतीक हैं अपितु भारतीय जनमानस में अत्यंत प्रचलित भी हैं| त्योहारों के ठीक पहले रविवार का अवकाश कई रूप से महत्वपूर्ण है| और वैसे भी अवकाश के दिन को एक आदेश के माध्यम से कार्य दिन बना देने की कार्यशैली किसी भी प्रकार से नीतिगत व उचित नहीं है| यह बैंक संघों व प्रबंधन के मध्य हुए समय समय पर हुए विभिन्न समझौतों के विपरीत भी है| आपके द्वारा दिये आदेश व रविवार के दिन शाखाएँ खोलकर कोई भी डे मनाने के आदेश के विरुद्ध संगठन अपनी प्रबल असहमति व विरोध व्यक्त करता है|

बैंक का प्रत्येक कार्मिक (अपवादों को छोड़कर) तमाम चुनौतियों व अभावों के बावजूद प्रतिदिन अपना कार्य मेहनत और लगन के साथ पूर्ण करता है| बैंक कार्मिक भी वही इंसान हैं जैसे आम जनता होती है| अतः आपसे यह अनुरोध एवं अपेक्षा की जाती है कि इस प्रकार के आदेशों से परहेज करें एवं उक्त आदेश को अविलंब निरस्त करने हेतु Revised पत्र जारी करें|

भवदीय

[Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

[Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

प्रतिलिपि: अध्यक्षीय कार्यालय को माननीय बैंक अध्यक्ष महोदय हेतु सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित|

Dream India: Clean India, Green India
(भारत माता की जय)